दिल्ली पुलिस समाचार

अंक-132 जनवरी-फरवरी, 2020 पंजी० सं० आर-43037/85 दिल्ली पुलिस की घरेलू पत्रिका



सत्कार समारोह में माननीय उपराष्ट्रपति का स्वागत करते हुए पुलिस आयुक्त



73वें स्थापना दिवस के आगमन पर केन्द्रीय गृहमंत्री का स्वागत करते हुए पुलिस आयुक्त



मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृहमंत्री परेड का निरीक्षण करते हुए



नए दायित्व की सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं

दिल्ली पुलिस देश में नहीं अपितु समग्र विश्व में श्रेष्ठ पुलिस बल है

– केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह



नए पुलिस आयुक्त श्री एस.एन. श्रीवास्तव का पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों के नाम संदेश

संदेश

आज, 29 फरवरी 2020 को मैंने दिल्ली पुलिस के कमिश्नर का कार्यभार संभाला है और इस गौरवशाली बल का मुखिया बनकर मैं अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। यद्यपि मैं दिल्ली पुलिस बल के बाहर भी कई बार रहा हूँ फिर भी मेरी पहचान हमेशा दिल्ली पुलिस से ही होती रही है। इसलिए इस पुलिस परिवार के उतार–चढ़ाव का मेरी मनः स्थिति से सीधा संबंध रहा है।

दिल्ली पुलिस हमेशा से देश के अन्य बलों की तुलना में अग्रणी रही है। यद्यपि इस बल की छवि में उतार–चढ़ाव होता रहता है, फिर भी मुझे यह कहने में फख्र महसूस होता है कि ज्यादातर दिल्ली पुलिस की इज्ज़त और इकबाल में इजाफा ही हुआ है। आइये आज हम सब यह शपथ लें कि अपनी कर्मठता और कर्त्तव्यपरायणता से दिल्ली पुलिस का परचम हमेशा ऊँचा लहरायें। दिल्ली पुलिस हम सबकी है और हम सभी एक संयुक्त परिवार के समान हैं। मुखिया होने के नाते मैं आपके सहयोग की अपेक्षा करता हूँ लेकिन आपको यह विश्वास भी दिलाता हूँ की आपकी हर ज़रूरत एवं आवश्यकता पर मैं आपके साथ खड़ा रहूँगा। यह मेरी नैतिक ज़िम्मेदारी भी है कि मैं आपके साथ तत्परता के साथ खड़ा रहूं। आप सभी प्रशिक्षित और अनुभवी लोग हैं और मुझे पूरा यकीन है कि अपने कर्त्तव्य के बारे में आप सभी भली भांति जानते हैं। अपने रोज़मर्रा के कार्यों के निष्पादन में आप सक्षम हैं और किसी वरिष्ठ अधिकारी के निर्देश का इंतजार किये बिना स्वतः भी कार्यवाही कर सकते हैं। मेरी आपसे अपेक्षा है कि आप अपने विवेक का इस्तेमाल करेंगे और वरिष्ठ अधिकारी भी स्वयं आवश्यकता के अनुसार आपका मार्गदर्शन करेंगे।

इस समय आपकी कोशिश हो कि किस तरह से अच्छे से अच्छा काम हो। इतिहास हमारे गौरवशाली अतीत का गवाह रहा है और मुझे पूरा विश्वास है कि दिल्ली पलिस की छवि को आप सभी अपनी कर्मठता, कर्त्तव्यपरायणता और कार्यनिष्ठा से एक नई बुलंदी तक ले जाऐंगे। ख्याति अर्जित करना कुछ दिनों का काम नहीं है इसे पूरी लगन से एक लम्बे अंतराल के बाद ही अर्जित किया जा सकता है। अथक प्रयासों के बावजूद भी कभी–कभी अनुकूल परिणाम नहीं आते लेकिन आपने समाज में जो सम्मान और ख्याति अर्जित की है वह प्रतिकूल समय में आपको आगे बढ़ने में मदद करेगी। आप सभी से अपेक्षा है कि आप अपने कर्त्तव्यों का पालन निर्भीक होकर करेंगे। अच्छी नीयत से किये गये काम को प्रतिकूल परिणाम के बावजूद भी सराहा जायेगा। आप राष्ट्रहित और विभागीय हित को व्यक्तिगत हित से हमेशा ऊपर रखेंगे। आपके कल्याण के लिये मैं प्रतिबद्ध हूँ।

वैसे तो आप सभी जानते हैं फिर भी मैं इसे दोहराने में कोई हर्ज़ महसूस नहीं करता कि सज्जनों का सम्मान करना और ज़रूरतमंद लोगों, जैसे वृद्ध, महिलाओं, बच्चों, गरीब और दिव्यांगों की मदद करना हमारा परम कर्त्तव्य है। समाज के सभी वर्गों के साथ संवाद रखना भी हमारा कर्त्तव्य है। साथ ही असामाजिक तत्वों से निपटना भी हमारा कर्त्तव्य है। हमारी सारी कार्य प्रणाली कानूनी दायरे में होनी चाहिए। हमारी पुलिस की कार्य प्रणाली में पारंपरिक तरीकों और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी का समावेश होना चाहिए। हमारा काम अब पारंपरिक तरीकों से बाहर आ चुका है। अतः अब नई सोच की जरूरत है कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन अच्छी तरह से कर सकें। किसी भी पुलिस बल का मुखिया अपने सहकर्मियों के सहयोग के बिना सफल नहीं हो सकता। मैं आपके विचारों का सम्मान करता हूं और चाहूंगा कि आप सभी निर्णय प्रक्रिया के हिस्सेदार बनें। परिवर्तन प्रकृति का नियम है और इस तथ्य को हम सभी को मानना होगा। मैं अपना संदेश निम्न पंक्तियों के साथ समाप्त करना चाहूंगा

''वक्त के बढ़ते कदम का साथ दें,
भाग्य अपने आप बनता जाएगा।''

जय हिन्द!

एस.एन. श्रीवास्तव
पुलिस आयुक्त, दिल्ली

हमारे भूतपूर्व पुलिस आयुक्त

1 जुलाई, 1978 को दिल्ली में पुलिस आयुक्त प्रणाली (Commissionerate System) लागू होने के बाद से अब तक के सभी पुलिस आयुक्तों का सेवाकाल इस प्रकार है।



श्री जे.एन. चतुर्वेदी
अक्टूबर 1977 से जनवरी 1980



श्री पी.एस. भिंडर
जनवरी 1980 से दिसम्बर 1981



श्री बजरंग लाल
दिसम्बर 1981 से अप्रैल 1983



स्व. श्री सुभाष चंद टंडन
अप्रैल 1983 से नवम्बर 1984



श्री एस.एस. जोग
नवम्बर 1984 से अप्रैल 1985



श्री वेद मारवाह
अप्रैल 1985 से अप्रैल 1988



श्री राजा विजय करण
अप्रैल 1988 से दिसम्बर 1990



श्री अरूण भगत
दिसम्बर 1990 से अप्रैल 1992



श्री एम.बी. कौशल
मई 1992 से जनवरी 1995



श्री निखिल कुमार
जनवरी 1995 से मार्च 1997



श्री टी.आर. कक्कड़
अप्रैल 1997 से मई 1998



श्री वी.एन. सिंह
मई 1998 से जून 1999



श्री अजयराज शर्मा
जुलाई 1999 से जून 2002



श्री आर.एस. गुप्ता
जुलाई 2002 से फरवरी 2004



डॉ. के.के. पाल
फरवरी 2004 से जुलाई 2007



श्री वाई.एस. डडवाल
जुलाई 2007 से नवम्बर 2010



श्री ब्रिजेश कुमार गुप्ता
नवम्बर 2010 से जून 2012



श्री नीरज कुमार
जून 2012 से 31 जुलाई 2013



श्री भीम सैन बस्सी
जुलाई 2013 से फरवरी 2016



श्री आलोक कुमार वर्मा
फरवरी 2016 से 31 जनवरी 2017



श्री अमूल्य पटनायक
31 जनवरी 2017 से 29 फरवरी 2020

श्री एस.एन. श्रीवास्तव ने 22वें पुलिस आयुक्त का पदभार ग्रहण किया



29 फरवरी को नवनियुक्त पुलिस आयुक्त श्री एस.एन. श्रीवास्तव के पुलिस मुख्यालय पहुँचने पर विशेष पुलिस आयुक्त श्री एस. नित्यानंदम एवं श्री एस.के. गौतम पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करते हुए

1985 बैच के आईपीएस अधिकारी **श्री सच्चिदानंद श्रीवास्तव** ने 22वें पुलिस आयुक्त के रूप में 29 फरवरी, 2020 को अपना पदभार ग्रहण किया। दिल्ली पुलिस सहित संघ शासित राज्यों में महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर सफलतापूर्वक काम कर चुके श्री सच्चिदानंद श्रीवास्तव एक अनुशासित, ईमानदार, पुलिस कार्यशैली में निपुण और गंभीर प्रवृत्ति के पुलिस अधिकारी के तौर पर जाने जाते हैं। श्री एस.एन.श्रीवास्तव ने आईआईटी खड़गपुर से बी. टेक (सिविल) इंजीनियरिंग किया और वर्ष 1985 में भारतीय पुलिस सेवा में चयनित होने के बाद दिल्ली पुलिस के विभिन्न ज़िलों और यूनिटों में काम किया है।

श्री एस.एन.श्रीवास्तव ने वर्ष 1986–87 में एसीपी नरेला, 1989 में अरूणाचल प्रदेश, 1992 में अति.उपायुक्त पुलिस मध्य ज़िला, 1994 में उपायुक्त पुलिस मुख्यालय, 1997 में उपायुक्त पुलिस उत्तरी ज़िला, वर्ष 1999 में प्रतिनियुक्ति पर एसपीजी में, 2006 में अतिरिक्त आयुक्त पुलिस पीएंडएल व सयुंक्त पुलिस आयुक्त पीएंडआई व यातायात, 2010 में संयुक्त पुलिस आयुक्त प्रशिक्षण, 2012 से 2014 तक विशेष पुलिस आयुक्त प्रशिक्षण व विशेष पुलिस आयुक्त स्पेशल सेल, प्रशिक्षण व गुप्तचर, 2015 में विशेष पुलिस आयुक्त भर्ती एवं सशस्त्र पुलिस के पदों पर सफलतापूर्वक काम किया एवं वर्ष 2016 से फरवरी, 2020 तक प्रतिनियुक्ति पर डीजी/सीआरपीएफ के तौर पर उनकी सराहनीय एवं उल्लेखनीय सेवाएँ रही। 25 फरवरी, 2020 को उन्होंने दिल्ली पुलिस में विशेष पुलिस आयुक्त के तौर पर अपना दायित्व संभाला और 29 फरवरी, 2020 को पुलिस आयुक्त, दिल्ली का अतिरिक्त पदभार ग्रहण किया।

श्री सच्चिदानंद श्रीवास्तव को विभिन्न मौकों पर कठोर निर्णयों, पेशेवर कार्यकुशलता, ईमानदारी एवं पारदर्शी कार्यशैली के लिए सराहनीय सेवाओं और विशिष्ट सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया जा चुका है। कुछ वर्ष पूर्व उनके कुशल नेतृत्व में ही दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और क्राइम ब्रांच की टीमों ने शानदार सफलताएँ अर्जित की थी।



नवनियुक्त पुलिस आयुक्त श्री एस.एन. श्रीवास्तव
सेवानिवृत्त हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक को विदा करते हुए

73वां दिल्ली पुलिस स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ



मुख्य अतिथि का स्वागते करते हुए पुलिस आयुक्त



परेड का निरीक्षण करते हुए मुख्य अतिथि श्री अमित शाह




परेड को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि

16 फरवरी, 2020 को दिल्ली पुलिस के 73वें स्थापना दिवस के मौके पर किग्ज़वे कैंप स्थित नई पुलिस लाइन मैदान में एक भव्य एवं आकर्षक परेड का आयोजन किया गया। परेड का शुभारंभ होने से पूर्व **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक एवं विशेष पुलिस आयुक्त (सशस्त्र पुलिस) श्री रोबिन हिबू** ने समारोह के **मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह** की आगवानी की और उन्हें ससम्मान मंच तक ले गये।

पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने **मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह** का दिल्ली पुलिस स्थापना दिवस पर आतिथ्य स्वीकार करने पर पुलिस परिवार की तरफ से आभार प्रकट किया। तत्पश्चात उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि दिल्ली एक ऐसा महानगर है जहां सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक गतिविधियाँ लगातार चलती रहती हैं और यहाँ कब कौन–सी बड़ी चुनौती आ जाए कहा नहीं जा सकता है, जिसके चलते पुलिस को चौबीस घंटे चौकन्ना और सजग रहना होता है। गतवर्ष कानून–व्यवस्था की दृष्टि से दिल्ली सर्वाधिक संवेदनशील रही और कई ऐसे चुनौतीपूर्ण मौके भी आए जब पुलिस को अल्प समय में व्यापक सुरक्षा प्रबंध करने पड़े। हाल ही में दिल्ली में विभिन्न प्रकार के agitations के अलावा गणतंत्र दिवस समारोह के पुख्ता सुरक्षा प्रबंध और 8 फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव तथा 11 फरवरी को मतदान गणना के दौरान पुख्ता सुरक्षा–व्यवस्था और शांति बनाए रखने की चुनौती का भी हमारे अधिकारियों एवं कर्मियों ने अपनी पेशेवर कुशलता और दृढ़ कर्त्तव्यनिष्ठा के बल पर सफलतापूर्वक सामना किया।

उन्होंने बताया कि गतवर्ष आतंकवाद एवं आतंकवादी गतिविधियों पर कड़ी दृष्टि रखी गई, दिल्ली पुलिस की कड़ी मेहनत की वजह से पिछले तीन वर्षो में कुल घटित होने वाले अपराधों में संगीन अपराधों के प्रतिशत में कमी आई है। वर्ष 2016 में 3.93 प्रतिशत से कम होकर यह आंकडा 2017 में 2.79 प्रतिशत, 2018 में 2.36 प्रतिशत तथा वर्ष 2019 में 1.73 प्रतिशत हुआ है। Safe City project के तहत Street Crime patrol Van ''प्रखर'' स्ट्रीट क्राइम रोकने में काफी कारगर साबित हुई है। पड़ोसी राज्यों की पुलिस से सामंजस्य बनाते हुए अपराधियों और अवैध हथियारों की तस्करी पर अंकुश लगाने में भी कामयाबी मिली है। दिल्ली पुलिस के ''सशक्ति'' कार्यक्रम के माध्यम से हमारे प्रशिक्षकों ने वर्ष 2019 के दौरान लगभग 2.6 लाख महिलाओं एवं छात्राओं को निःशुल्क आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया है।

श्री अमूल्य पटनायक ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी की संकल्पना ''स्मार्ट पुलिसिंग'' के तहत दिल्ली पुलिस ने ''हैकाथन'' कार्यक्रम में शिक्षित युवाओं की प्रभावशाली भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उन्हें कानून–व्यवस्था, यातायात एवं संचार की समस्याओं को सुलझाने में शामिल किया है। इसी तरह दिल्ली पुलिस ने अपनी लगभग 50 ऑनलाइन मोबाइल एप्लिकेशन्स को ''तत्पर'' मोबाइल एप्लिकेशन में समाहित किया है। दिल्ली पुलिस की CYPAD Crime Unit (CYPAD) साइबर अपराध के मामलों की जांच में व्यापक सुविधा प्रदान करती है और नागरिकों को साइबर सुरक्षा सबंधी सेवाएं प्रदान करने के साथ–साथ अन्य पुलिस ईकाईयों और एजेंसियों को भी मदद करती है। दिल्ली पुलिस में पहली बार CYPAD पर काम करने के लिए Private resource persons रखे गये हैं, जो पूरे भारत में अपनी तरह का पहला उदाहरण है। कांस्टेबल स्तर पर आम जनता के साथ सम्पर्क स्थापित करने के लिए स्थाई आदेशों को upgrade किया गया है। पुलिसकर्मियों



समारोह के मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह, पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण, गतवर्ष के पुलिस पदक विजेता एवं सर्वश्रेष्ठ पुलिस थानों के थानाध्यक्ष का सामूहिक चित्र

मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृहमंत्री माननीय श्री अमित शाह ने परेड की सलामी ली

को उनके ड्यूटी पर और ड्यूटी के बाद कुछ नया सीखने के लिए E-Learning Management System 'NIPUN' कार्यक्रम को भी शुरू किया गया है।

मुख्य अतिथि माननीय केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज जब आप अपने 73वें स्थापना दिवस के मौके पर पीछे मुडकर देखेंगे तो आप पायेंगे कि दिल्ली पुलिस न केवल देश के श्रेष्ठ पुलिस बलों में एक है बल्कि समग्र विश्व के पुलिस बलों में श्रेष्ठ पुलिस बल है। दिल्ली पुलिस के लिए गर्व की बात है कि दिल्ली पुलिस की स्थापना लौह पुरूष सरदार पटेल जी के हाथों हुई जिन्होंने देश की अखंडता और एकता के लिए अपना अमूल्य योगदान दिया। उनके आशीर्वचन दिल्ली पुलिस को अनेकों वर्षों तक प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे। उन्होंने संसद भवन एवं बाटला हाउस हमले के शहीदों का स्मरण करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था कायम करते हुए लगभग 35 हजार जवानों ने कुर्बानी दी है। उन्होंने 19 मार्च, 1950 को सरदार पटेल द्वारा एक कार्यक्रम में दिये गये व्यक्तव्य का ज़िक्र करते हुए कहा कि ''मैं अपील करूंगा कि कितना भी गुस्से का कारण हो, पुलिस को अपना मिजाज़ ठंडा रखना चाहिए। परन्तु इस बात की भी चिंता करनी चाहिए कि उपद्रवियों द्वारा नागरिकों को परेशानी ना हो और ज़रूरत के अनुसार सख्ती के साथ नागरिकों की सुरक्षा के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए''। मुझे खुशी है कि सरदार पटेल के इस व्यक्तव्य को अनेक अवसरों पर दिल्ली पुलिस ने चरितार्थ किया है। पुलिस की आलोचना करना या उपद्रवियों द्वारा उसे निशाना नहीं बनाना चाहिए। पुलिस किसी की दुश्मन नहीं, वह शांति व व्यवस्था की दोस्त है। पुलिस का सम्मान किया जाना चाहिए।

उन्होंने दिल्ली पुलिस की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार द्वारा समाज में शांति व्यवस्था स्थापित करने, पर्वो पर सुरक्षा प्रबंध करने, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सरकारी कार्यक्रमों के आयोजनों की सुरक्षा–व्यवस्था करने में दिल्ली पुलिस महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके साथ ही दिल्ली पुलिस राजनीतिक, सांस्कृतिक एवं व्यापारिक गतिविधियों की सुरक्षा के साथ–साथ अतिविशिष्ट व्यक्तियों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी भी बखूबी निभा रही है। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस संसाधनों और शस्त्रों से प्रयुक्त पुलिस बल है और महिलाओं के खिलाफ अपराधों एवं साइबर अपराधों के खिलाफ लड़ने में सक्षम है तथा अन्य राज्यों की पुलिस को तकनीकी सहायता भी मुहैया कराती है।

समारोह के **मुख्य अतिथि माननीय श्री अमित शाह** ने महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराधों के खिलाफ लड़ने में, ERSS–112 शुरू करने तथा साइबर अपराध के खिलाफ लड़ने में दिल्ली पुलिस की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि गृहमंत्रालय दिल्ली पुलिस की सभी योजनाओं पर सकारात्मक विचार करेगा। उन्होंने बताया कि गृहमंत्रालय ने दिल्ली पुलिस को संसाधनों एवं तकनीकी रूप से मजबूत करने और महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 9300 नए कैमरे लगाने, प्रभावशाली गश्त के लिए 4500 नए वाहन व 1600 नई मोटरसाइकिल खरीदने की अनुमति प्रदान की है। इसके अतिरिक्त Safe City Project के लिए 857 करोड़ रुपये तथा पुलिसकर्मियों को अच्छा आवास और वातावरण मुहैया कराने के उद्देश्य से रोहिणी व नरेला में 700 नए फ्लैट खरीदने के लिए 225 करोड़ रुपये की स्वीकृति भी प्रदान की गई है।



मुख्य अतिथि को परेड समाप्ति की सूचना देते हुए परेड कमांडर



महिला सशक्तिकरण को दर्शाता महिला कमांडो दस्ता



सलामी मंच के सामने से गुजरता हुआ महिला पुलिस दस्ता



मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह, पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक एवं समिति की वरिष्ठ पदाधिकारीगण का सामूहिक चित्र

फोटो : राकेश जोसफ

सत्कार समारोह (At Home) की प्रमुख झलकियों पर एक नज़र

20 फरवरी, 2020 को 17, मदर टेरेसा क्रिसेंट मार्ग स्थित राजपत्रित अधिकारी मेस में सत्कार समारोह का आयोजन हुआ। दिल्ली पुलिस के इस प्रतिष्ठित समारोह में माननीय उपराष्ट्रपति श्री वैंकेया नायडू, केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री श्री जी.किशन रेड्डी, पुदुच्चेरी की उपराज्यपाल श्रीमती किरण बेदी, चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ श्री विपिन रावत, एयर चीफ मार्शल श्री राकेश कुमार भदौरिया, भारत सरकार व दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं दिल्ली पुलिस के भूतपूर्व पुलिस आयुक्त सहित विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की। हर वर्ष दिल्ली पुलिस स्थापना दिवस के मौके पर16 से 22 फरवरी के बीच दिल्ली पुलिस सप्ताह मनाया जाता है। सत्कार समारोह इसी पुलिस सप्ताह का एक अहम हिस्सा होता है। पुलिस सप्ताह के दौरान दिल्ली पुलिस की विभिन्न ज़िला यूनिटों में पुलिस कार्यशैली से जुड़े भिन्न-भिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।


उपराष्ट्रपति श्री एम. वैंकेया नायडू का स्वागत करते हुए मेज़बान दम्पत्ति श्री अमूल्य पटनायक एवं श्रीमती सूचना पटनायक


केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री जी.किशन रेड्डी का स्वागत करते हुए मेज़बान दम्पत्ति श्री अमूल्य पटनायक एवं श्रीमती सूचना पटनायक


उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल का स्वागत करते हुए मेज़बान दम्पत्ति श्री अमूल्य पटनायक एवं श्रीमती सूचना पटनायक


पुदुच्चेरी की उपराज्यपाल श्रीमती किरण बेदी का स्वागत करते हुए मेज़बान दम्पत्ति श्री अमूल्य पटनायक एवं श्रीमती सूचना पटनायक


चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ श्री विपिन रावत का स्वागत करते हुए मेज़बान दम्पत्ति श्री अमूल्य पटनायक एवं श्रीमती सूचना पटनायक


चीफ एयर मार्शल श्री राकेश कुमार भदौरिया का स्वागत करते हुए मेज़बान दम्पत्ति श्री अमूल्य पटनायक एवं श्रीमती सूचना पटनायक


दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव श्री विजय देव का स्वागत करते हुए मेज़बान दम्पत्ति


एन.एस.जी. के महानिदेशक श्री अनूप कुमार सिंह का स्वागत करते हुए मेज़बान दम्पत्ति



सत्कार समारोह में माननीय उपराष्ट्रपति का भव्य स्वागत



सत्कार समारोह के दौरान परस्पर चर्चा करते हुए अतिथिगण



भूतपूर्व पुलिस आयुक्त श्री एम.बी. कौशल का स्वागत करते हुए पुलिस आयुक्त



भूतपूर्व उपराज्यपाल एवं पुलिस आयुक्त डॉ. के.के. पाल का स्वागत करते हुए पुलिस आयुक्त



सत्कार समारोह के मेहमान श्री एस.एन. श्रीवास्तव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत करते हुए पुलिस आयुक्त



समारोह में उपस्थित प्रतिष्ठित अतिथिगण, मेज़बान दम्पत्ति एवं पुलिस परिवार कल्याण समिति की सदस्याओं का सामूहिक चित्र

पुलिस सप्ताह के दौरान पुलिस परिवार कल्याण समिति भी सक्रिय रही विभिन्न सकारात्मक गतिविधियों में





समिति की अध्यक्षा **श्रीमती सूचना पटनायक** ने 16 फरवरी, 2020 को मॉडल टाउन पुलिस कॉलोनी वेलफेयर सेंटर में अचार उत्पादन ईकाई का उद्घाटन किया। इस ईकाई में न केवल अचार का उत्पादन किया जाएगा बल्कि महिलाओं को अचार बनाने का लघु प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलंबी भी बनाया जाएगा। इस मौके पर समिति की अन्य पदाधिकारियों के साथ–साथ आस पास की पुलिस कॉलोनियों में रहने वाली महिलाएं भी उपस्थित थीं।





22 फरवरी, 2020 को समिति की अध्यक्षा **श्रीमती सूचना पटनायक** ने द्वारका पुलिस कॉलोनी स्थित वेलफेयर सेंटर में तीसरे स्किल सेंटर का उद्घाटन किया। वेलफेयर सेंटर में सिलाई मशीन उपलब्ध कराई गई और हस्त निर्मित पोटली प्रदर्शित की गई। इस मौके पर समिति की अन्य वरिष्ठ पदाधिकारीगण भी उपस्थित थीं।





24 फरवरी, 2020 को 17, मदर टेरेसा क्रिसेंट मार्ग स्थित पुलिस परिवार कल्याण समिति के कार्यालय में समिति की अध्यक्षा **श्रीमती सूचना पटनायक** की अध्यक्षता में वार्षिक जनरल बॉडी मीटिंग सम्पन्न हुई। इस मीटिंग में समिति ने अपना वार्षिक लेखा–जोखा प्रस्तुत करने के साथ–साथ वर्ष भर की गतिविधियों पर विचार विमर्श करने और भविष्य में कल्याणार्थ गतिविधियों को अंजाम देने की संभावनाओं पर भी चर्चा की।



16 फरवरी, 2020 को दिल्ली पुलिस के 73वें स्थापना दिवस के मौके पर मुख्य अतिथि माननीय **केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह, पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक,** पुलिस परिवार कल्याण समिति की अध्यक्षा **श्रीमती सूचना पटनायक** एवं समिति की अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों का सामूहिक चित्र।



दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति की अध्यक्षा **श्रीमती सूचना पटनायक** के साथ पुलिस परिवारों की महिलाओं एवं बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों को सफलतापूर्वक अंजाम देने में कंधे से कंधा मिलाकर काम करने वाली अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों का सामूहिक चित्र। समिति ने पिछले कई वर्षों में दिल्ली पुलिस की विभिन्न पुलिस कॉलोनियों में वेलफेयर सेंटर खोले जिनमें पुलिस परिवारों की महिलाओं एवं छात्र–छात्राओं को कई प्रकार के लघु प्रशिक्षण देने, प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहित करने, खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने, रोज़गार के अवसर प्रदान कराने और समय–समय पर प्रसिद्ध अस्पतालों के अनुभवी डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करने जैसे कार्यों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक ने अपनी सभी सहयोगी पदाधिकारियों का उनके सहयोग एवं उचित मार्गदर्शन के लिए तहेदिल से शुक्रिया अदा किया।





समिति ने 28 जनवरी, 2020 को 17 मदर टेरेसा क्रिसेंट मार्ग स्थित अपने कार्यालय में समिति द्वारा प्रकाशित **'कोशिश–एक आशा'** नामक पत्रिका के वार्षिक संस्करण 2019–20 का विमोचन किया। इस मौके पर समिति की अध्यक्षा **श्रीमती सूचना पटनायक** सहित सभी वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं उनके सहयोगी उपस्थित थे। इस मौके पर समिति द्वारा चलाए जा रहे 'मिशन ओलम्पिक 2020' की खेल तैयारियां करवाने वाले विभिन्न खेलों के कोच एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

गणतंत्र दिवस पर दिल्ली पुलिस के 31 पुलिस अधिकारी एवं कर्मी पुलिस पदक से सम्मानित

गणतंत्र दिवस पर दिल्ली पुलिस के 31 पुलिस अधिकारी एवं कर्मी राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किये गये हैं। इनमें से 12 पुलिस अधिकारी एवं कर्मी वीरता के लिए, 2 पुलिस अधिकारी एवं कर्मी विशिष्ट सेवाओं के लिए तथा 17 पुलिस अधिकारी एवं कर्मी सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किये गये हैं।

वीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक से सम्मानित


श्री ओमवीर सिंह
(डीआईजी, चंडीगढ़)


श्री प्रमोद सिंह कुशवाह
डीसीपी


श्री हेमन्त तिवारी
एसीपी


श्री अमूल त्यागी
इंस्पेक्टर


श्री मनीष जोशी
इंस्पेक्टर


श्री पूरन चंद यादव
इंस्पेक्टर


श्री संजीव यादव
इंस्पेक्टर


श्री सुनील कुमार
इंस्पेक्टर


श्री उमेश भरथवाल
इंस्पेक्टर


श्री मुकेश सिंह
सब इंस्पेक्टर


श्री यशपाल सिंह
सब इंस्पेक्टर


श्री गुलाब सिंह
एएसआई

विशिष्ट सेवाओं के लिए


श्री तमंग हिबू
एडि. सीपी


श्रीमती ए.चित्रा
सब इंस्पेक्टर

सराहनीय सेवाओं के लिए


श्री मोहम्मद अली,
एडि. डीसीपी


श्री कुमार ज्ञानेश
एडि. डीसीपी


श्री राम मेहर सिंह
एसीपी


श्री राम कुमार राठी
एसीपी


श्री मुकेश त्यागी
एसीपी


श्री दिनेश केशव
एसीपी


श्री उमा शंकर
इंस्पेक्टर


श्री मनोज कुमार शर्मा
इंस्पेक्टर


श्री ओमप्रकाश श्रीवास्तव
इंस्पेक्टर


श्री प्रवीन कुमार राणा
सब इंस्पेक्टर


श्री भीम सिंह
सब इंस्पेक्टर


श्रीमती मुकेश रानी
एएसआई


श्री गोविंद सहाय
एएसआई


श्री लक्ष्मी नारायण
एएसआई


श्री हरीश
एएसआई


श्री नरेन्द्र पाल सिंह
एएसआई


श्री जयवीर
हेड कां.

पुलिस आयुक्त ने 75 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को पुलिस कमिश्नर कमेंडेशन डिस्क अवार्ड से सम्मानित किया

16 फरवरी, 2020 की शाम पुलिस मुख्यालय के आदर्श ऑडिटोरियम में आयोजित एक कार्यक्रम में **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने 75 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को पहली बार **''सिल्वर डिस्क अवार्ड व गोल्ड डिस्क अवार्ड''** देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री एस.नित्यानंदम** व **श्री ताज हसन** भी उपस्थित थे। पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने सम्मानित होने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को अपनी शुभकामनाएँ देते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि दिल्ली पुलिस में काफी दिनों से विचार किया जा रहा था कि हमारे यहाँ भी अन्य अर्ध–सैनिक बलों और पुलिस संगठनों की तर्ज़ पर अपने अधिकारियों एवं कर्मियों को उनके उत्कृष्ट, सराहनीय एवं साहसिक कार्यो के लिए सिल्वर डिस्क अवार्ड व गोल्ड डिस्क अवार्ड से सम्मानित किया जाए। उन्होंने कहा कि हमारे बहुत से ऐसे पुलिस अधिकारी एवं कर्मी होते हैं जो कई वर्षें से उल्लेखनीय एवं साहसिक कार्यो के साथ–साथ प्रशासनिक कार्यो को भी पूरी दक्षता के साथ अंजाम देते है, पर प्रोत्साहन व पुरस्कार से वंचित रह जाते है। हर वर्ष गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सीमित मात्रा में ही अधिकारियों एवं कर्मियों को सम्मानित किया जाता है और बहुत से जाबांज़ पुलिस अधिकारी एवं कर्मी प्रोत्साहन से वंचित रह जाते हैं। इन्हीं भावनाओं के साथ दिल्ली पुलिस में पहली बार अपने अधिकारियों एवं कर्मियों को "CP's Commendation Discs (Gold and Silver) Award" से सम्मानित किये जाने की परम्परा शुरू की गई है। यह नई परंपरा भविष्य में काफी सराहनीय एवं प्रोत्साहित करने वाली व्यवस्था सिद्ध होगी।

यह सम्मान OTP व AKP तथा अन्य पुरस्कारों से भिन्न है और इस सम्मान को पाने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों को कई कसौटियों पर खरा उतरना होगा। हर वर्ष 50 पुलिस अधिकारी एवं कर्मी सिल्वर कमेंडेशन डिस्क अवार्ड से तथा 25 पुलिस अधिकारी एवं कर्मी गोल्ड कमेंडेशन डिस्क अवार्ड से सम्मानित किये जायेंगे। इसमें सिल्वर कमेंडेशन डिस्क अवार्ड के लिए 50 पुलिस अधिकारी जिन्होंने बेदाग सेवा के 16 वर्ष पूरे करते हुए कर्त्तव्यनिष्ठा और प्रशासनिक क्षमता का अनुकरणीय प्रदर्शन किया है, को सम्मानित किया जायेगा। गोल्ड कमेंडेशन डिस्क अवार्ड से 25 पुलिस अधिकारी एवं कर्मी को सम्मानित किया जायेगा जिन्होंने अपनी बेदाग सेवा के 24 वर्ष पूरे करने के साथ–साथ विभिन्न मौकों पर पेशेवर निपुणता के साथ सराहनीय एवं विशिष्ट कार्यो को अंजाम दिया है। इस सम्मान की विशेष बात यह है कि इसमें हर साल कांस्टेबल से लेकर विशेष पुलिस आयुक्त स्तर तक के अधिकारी एवं कर्मी सम्मानित होंगे और उनके नामों का चयन हर पद के लिए निर्धारित वरिष्ठ अधिकारियों की एक कमेटी द्वारा किया जाएगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि ये नए अवार्ड पुलिस विभाग में प्रोत्साहन की नई ऊर्जा का संचार करेंगे और भविष्य में दिल्ली पुलिस की कार्यशैली को नए आयाम प्रदान करेंगे।




संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री डेविड लाल रिनसांगा व उपायुक्त पुलिस श्री राजीव रंजन को सम्मानित करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक




उपायुक्त पुलिस श्री मोहम्मद इरशाद हैदर व उपायुक्त पुलिस श्री अनिल कुमार लाल को सम्मानित करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक




उपायुक्त पुलिस श्रीमती गीता रानी वर्मा व इंस्पेक्टर श्री वेदप्रकाश को सम्मानित करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक




इंस्पेक्टर श्री प्रमोद कुमार व सब इंस्पेक्टर श्री मेनपाल सिंह को सम्मानित करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक

दिल्ली पुलिस स्थापना दिवस के मौके पर ... ''दिल्ली पुलिस–अभिमान मेरा'' गीत लॉन्च हुआ

16 फरवरी, 2020 को दिल्ली पुलिस के 73वें स्थापना दिवस के मौके पर **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने पुलिस मुख्यालय के आदर्श ऑडिटोरियम में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में तैनात **एसीपी श्री अनिल समोता** द्वारा लिखित गीत **''दिल्ली पुलिस–अभिमान मेरा''** लॉन्च किया। इस मौके पर भारी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं जवान उपस्थित थे। एसीपी श्री अनिल समोता ने इससे पूर्व भी दिल्ली पुलिस की गरिमा एवं सम्मान बढ़ाने वाले कई गीतों की रचना की है जिसे हमारे विभाग ने ही नहीं बल्कि जनसाधारण ने भी खूब सराहा है। इस गीत के शब्दों में पुलिस द्वारा किए जाने वाले जनसहयोग, सार्थक योगदान, बलिदान एवं परिश्रम से भरे दैनिक कार्यो को संक्षेप में समाहित किया गया है। गीत में प्रयुक्त शब्द पुलिस बल में जोश और उर्जा का संचार करते है और कर्तव्यनिष्ठा व देशभक्ति की भावना को भी मजबूत करते हैं। श्री अनिल समोता द्वारा रचित लगभग 4.15 मिनट के इस गीत के संगीतकार और गायक हैं पंजाब के **प्रसिद्ध गायक श्री कुणाल अग्रवाल** और समन्वय स्थापित किया है, **श्री सुमित चौधरी** एवं **श्री सोनू ठुकराल** ने।



गीत के लेखक एसीपी श्री अनिल समोता को सम्मानित करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक

पुलिस सप्ताह के दौरान केंद्रीय गृहराज्य मंत्री ने कालकाजी थाने का दौरा किया






पुलिस सप्ताह के दौरान 19 फरवरी, 2020 को **केंद्रीय गृहराज्य मंत्री श्री जी.किशन रेड्डी** ने दक्षिण–पूर्वी ज़िले के थाना कालकाजी का निरीक्षण किया। इस मौके पर **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, विशेष पुलिस आयुक्त श्री आर.एस.कृष्णिया, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री देवेश श्रीवास्तव, उपायुक्त पुलिस श्री आरपी मीणा,** परिक्षेत्र के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं जवान, क्षेत्र के विद्यालयों के शिक्षक व छात्र तथा पुलिस कॉलोनी के निवासी मौजूद थे। इस मौके पर श्री जी.किशन रेड्डी ने दिल्ली पुलिस की **''पुलिस अंकल''** पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि पुलिस का बच्चों के साथ समन्वय भविष्य में काफी कारगर साबित होगा। श्री जी.किशन रेड्डी ने थाना परिसर में बच्चों के लिए बनाए गए विशेष कमरे की विशेषतौर पर प्रशंसा की और ओपन जिम, मेडिटेशन–योगा रूम, बैरिक व ई–मालखाना का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षकों एवं बच्चों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ''पुलिस अंकल'' वास्तव में आपके दोस्त हैं, यही यथार्थ है ना कि फिल्मों और कार्टूनों की तरह दिखावा। पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने कहा कि अप्रैल 2018 में शुरू हुई पुलिस अंकल पहल को पहले से ज्यादा बेहतर बनाया गया है और इसका उद्देश्य बच्चों के बीच दोस्ताना छवि को मजबूत करना और बच्चों को पुलिस के काम और उसके कर्त्तव्यों के बारे में बताना है। उन्होंने बच्चों से कहा कि पुलिस आपकी केवल और केवल एक दोस्त है और कभी भी जरूरत पड़ने पर मदद मांगने में जरा भी संकोच ना करें।

नौ प्रशिक्षु दानिप्स अधिकारी प्रशिक्षण प्राप्त कर पुलिस परिवार में शामिल हुए





श्रेष्ठ प्रशिक्षणार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक उनके साथ में खड़े विशेष पुलिस आयुक्त श्री सुनील गर्ग एवं अति. आयुक्त पुलिस श्री मिची पाकू

8 जनवरी, 2020 को झाड़ौदा कलां स्थित पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज में आयोजित पासिंग आउट परेड में नौ प्रशिक्षु दानिप्स (दिल्ली एंड अंडमान निकोबार पुलिस सेवा) पुलिस अधिकारी शपथ ग्रहण कर पुलिस परिवार में शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने परेड की सलामी ली और प्रशिक्षु दानिप्स अधिकारियों को उनके उज्ज़वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी। परेड समाप्ति पर पुलिस आयुक्त ने सर्वश्रेष्ठ ऑल राउंड प्रशिक्षु के तौर पर सुश्री दीक्षा को ट्राफी प्रदान की और प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि वे देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए अपने अधीनस्थ कर्मियों के लिए एक रोल मॉडल बनें और जनता का विश्वास अर्जित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस को जनता के साथ मानवीय दृष्टिकोण का हमेशा ध्यान रखना चाहिए आजकल बदलती आपराधिक प्रवृति को ध्यान में रखते हुए आपको भी आधुनिक तकनीकी में दक्ष होना चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रशिक्षुओं को कानून, पुलिस विज्ञान, लैंगिक मतभेद, महिला, बच्चों व बुजुर्गों के प्रति व्यवहार, कम्प्यूटर, साइबर क्राइम, मानव अधिकार व कुशल व्यवहार की शिक्षा दी गई। पासिंग आउट परेड समारोह में **विशेष पुलिस आयुक्त श्री एस.नित्यानंदम, श्री ताज हसन, श्री सुनील गर्ग, श्रीमती नुज़हत हसन, श्री एस.के. गौतम, श्री रोबिन हिबु, श्री राजेश खुराना एवं अतिरिक्त आयुक्त पुलिस श्री मिची पाकू** सहित काफी संख्या में पुलिस अधिकारी, कर्मी एवं प्रशिक्षुओं के परिजन भी उपस्थित थे।

उबर इमरजेंसी का एसओएस फीचर दिल्ली पुलिस की हिम्मत एप से जुड़ा

आपात स्थिति में महिला यात्री द्वारा बटन दबाते ही मिलेगी पुलिस की मदद

दिल्ली पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में कई ऑनलाइन मोबाइल एप, हेल्पलाइन नं. विशेष महिला पीसीआर वैन व महिला डेस्क आदि शुरू किये हैं। इन प्रयासों में और सुधार करने और नई तकनीक की मदद से उन्हें प्रभावशाली बनाने की दिशा में दिल्ली पुलिस निरंतर काम करती रहती है। इसी दिशा में दिल्ली पुलिस ने उबर कैब में सफर करने वाली महिलाओं की सुरक्षा के लिए ऑनलाइन एप आधारित उबर कैब कंपनी के एसओएस के साथ अपनी 'हिम्मत प्लस' एप को जोड़ा है ताकि किसी भी महिला यात्री द्वारा आपात स्थिति में की गई शिकायत तुरंत पुलिस तक पहुंच सके। इस एप की मदद से आपात स्थिति में उबर के चालक या सवारी की वास्तविक स्थिति मिल जाएगी और पुलिस को तत्काल मौके पर पहुंचने में आसानी होगी।

17 फरवरी, 2020 को आईजीआई एयरपोर्ट पर आयोजित एक कार्यक्रम में **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने उबर कैब के लगभग 1000 चालकों, जिनमें महिला चालक भी शामिल हैं, को पुलिस द्वारा जारी किए गए QR Code कार्ड वितरित किये। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री संजय सिंह, श्रीमती नुज़हत हसन, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री अमित कटियार, उपायुक्त पुलिस श्री संजय भाटिया** सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे। इस मौके पर पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने कहा कि जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना दिल्ली पुलिस की प्राथमिकता है और इसी दृष्टि से दिल्ली पुलिस हमेशा नई तकनीक को अपनी कार्यशैली में शामिल करती है ताकि और अधिक कुशलता व प्रतिक्रियात्मक कार्यवाही करते हुए आपात स्थिति में नागरिकों को मदद मिल सके।





उबर कैब से जुड़े वाहन चालकों को सम्मानित करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक

नई पुलिस लाइन में रियायती दरों की कैंटीन और रिसाइक्लिंग कंपोस्ट यूनिट का उद्घाटन



कैंटीन का उद्घाटन एवं कैंटीन में उपलब्ध सामान का अवलोकन करते हुए पुलिस आयुक्त एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण

2 जनवरी, 2019 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने नई पुलिस लाइन में रियायती दरों की कैंटीन और रिसाइक्लिंग कंपोस्ट यूनिट का उद्घाटन किया। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री एस.नित्यानंदम, श्री मुक्तेश चन्दर, श्री आर.एस कृष्णिया, श्री एस.के.गौतम, श्रीमती नुज़हत हसन, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री वी.ए. गुप्ता, उपायुक्त पुलिस श्री राकेश कुमार बंसल** के अलावा भारी संख्या में अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। काफी खुली जगह में बनी इस रियायती कैंटीन में सामान की उपलब्धता भी ज्यादा होगी। इस कैंटीन के खुलने से नई पुलिस लाइन पुलिस कॉलोनी, मॉडल टाउन, सिविल लाइन के साथ–साथ आसपास के पुलिस परिसरों में काम करने व रहने वाले पुलिसकर्मी इससे लाभान्वित होंगे। इस कैंटीन में बिकने वाली वस्तुओं की खरीद सीधे सीजीओ कॉम्पलैक्स की सीआरपीएफ की मास्टर सैंट्रल पुलिस कैंटीन से की जाएगी और इसे दिल्ली पुलिस परिवारों को "No Profit No Loss" के आधार पर बेचा जाएगा इस मौके पर पुलिस आयुक्त ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत के स्लोगन को मूर्त रूप देने के प्रयास में रिसाइक्लिंग कम्पोस्ट यूनिट का भी उद्घाटन किया। नई पुलिस लाइन में प्रचुर मात्रा में हरियाली है और बड़ी संख्या में पेड़–पौधों के होने से यहाँ सूखे पतों का इस्तेमाल खाद बनाने में किया जाएगा। इससे स्वच्छता भी बढ़ेगी और पतझड़ के मौसम में सूखे पत्तों से खाद भी बनाई जा सकेगी। पुलिस आयुक्त ने रिसाइक्लिंग कम्पोस्ट यूनिट को एक बेहतरीन पहल बताते हुए कहा कि इससे इस इलाके में प्रदूषण की समस्या से छुटकारा पाने में मदद मिलेगी और जो खाद बनेगी उससे पेड़–पौधों का अच्छा विकास होगा। इसके साथ ही दिल्ली पुलिस की अन्य कई बड़ी–बड़ी पुलिस कॉलोनियों में सूखे पत्तों से होने वाली गंदगी दूर करने और सूखे पत्तों का सदुपयोग करने में मदद मिलेगी।

पुलिस आयुक्त श्री एस.एन.श्रीवास्तव ने घायल उपायुक्त पुलिस अमित शर्मा से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा

1 मार्च, 2020 को नवनियुक्त **पुलिस आयुक्त श्री एस.एन. श्रीवास्तव** मैक्स अस्पताल में भर्ती घायल उपायुक्त पुलिस श्री अमित शर्मा से मिले और उनके स्वास्थ्य की स्वयं जानकारी ली। पुलिस आयुक्त महोदय ने श्री अमित शर्मा का कुशलक्षेम पूछा और उनके परिजनों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। 24 फरवरी को उत्तर–पूर्वी ज़िले में हुए उपद्रव के दौरान कर्त्तव्य का पालन करते हुए 2010 बैच के आईपीएस अधिकारी **श्री अमित शर्मा** गंभीर रूप से घायल हो गये थे।



मैक्स अस्पताल में भर्ती अमित शर्मा के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए पुलिस आयुक्त

घायल एसीपी से मिले पुलिस आयुक्त श्री एस.एन.श्रीवास्तव



24 फरवरी, 2020 को उत्तर पूर्वी ज़िले में हुए उपद्रव में घायल एसीपी गोकलपुरी श्री अनुज कुमार से पुलिस आयुक्त श्री एस.एन. श्रीवास्तव ने मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

अन्तर्राज्यीय समन्वय बैठक सम्पन्न हुई



9 जनवरी, 2020 को पुलिस मुख्यालय में पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक की अध्यक्षता में अन्तर्राज्यीय समन्वय बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उतराखंड, मध्य-प्रदेश, राजस्थान, बिहार, हिमाचल प्रदेश जम्मू कश्मीर और चंडीगढ़ के पुलिस अधिकारियों ने भी भाग लिया।

हिंसक भीड़ का शिकार हुए शहीद हेडकां. रतन लाल को पुलिस परिवार की तरफ से श्रद्धांजलि



हेड कां. रतन लाल

24 फरवरी, 2020 को उत्तर–पूर्वी ज़िले में हिंसक प्रदर्शन और आगजनी कर रही भीड़ का शिकार हुए दिवंगत **हेडकां. रतन लाल** को दिल्ली पुलिस परिवार अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता है। मूलरूप से गांव तिहावली फतेहपुर, तहसील रामगढ़, ज़िला सीकर, राजस्थान के रहने वाले दिवंगत रतन लाल वर्तमान में एसीपी गोकुलपुरी कार्यालय में तैनात थे। वर्ष 1998 में दिल्ली पुलिस में बतौर कां. भर्ती हुए रतन लाल दिल्ली में अपने परिवार के साथ बुराड़ी के अमृत विहार इलाके में रहते थे। उनके शोक संतप्त परिवार में पत्नी श्रीमती पूनम, पुत्री सिद्धी (13 वर्ष), पुत्री कनक (10 वर्ष) एवं पुत्र राम (8 वर्ष) है और ये तीनों बच्चें नई पुलिस लाइन स्थित दिल्ली पुलिस पब्लिक स्कूल में पढ़ाई करते हैं।

25 फरवरी, 2020 को हेडकां. रतन लाल के पार्थिव शरीर को अंतिम विदाई के लिए नई पुलिस लाइन स्थित स्मारक स्थल पर रखा गया। **केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री श्री नित्यानंद राय, उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल, पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** सहित भारी संख्या में उपस्थित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों ने हेडकां. रतन लाल की शहादत को सलाम किया और श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने कहा कि हम सब शोक संतप्त परिवार के साथ खड़े हैं और अपने इस जांबाज़ की शहादत को कभी नहीं भूल पायेंगे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को प्रशासनिक स्तर पर हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया। शहीद हेडकां. का पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिए उनके पैतृक निवास गांव तिहावली फतेहपुर, तहसील रामगढ़, जिला सीकर, राजस्थान ले जाया गया।

28 फरवरी को संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री वी.ए. गुप्ता बुराड़ी में रहने वाले हेड कां. रतन लाल के शोक संतप्त परिवार से मिले और उन्हें सांत्वना देने के साथ–साथ दिल्ली पुलिस वेलफेयर सोसाईटी की तरफ से 62 लाख रूपये का चैक आर्थिक मदद के तौर पर दिया। दिल्ली पुलिस प्रशासन हेड कां. रतन लाल के परिजनों को नियमानुसार हर संभव आर्थिक मदद मुहैया कराने का प्रयास कर रहा है।



कर्तव्य की वेदी पर प्राणों की आहूति देने वाले हेड कां. रतन लाल को श्रृद्धासुमन अर्पित करते हुए माननीय उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल, केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री श्री नित्यानन्द राय व पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक

शुभकामनाएँ

माह नवम्बर व दिसम्बर, 2019 के दौरान दिल्ली पुलिस की विभिन्न ज़िला/ईकाईयों से 222 पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हुए हैं। इनमें से 31 पुलिसकर्मियों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली है, 11 पुलिसकर्मियों को समय से पहले सेवानिवृत्त किया गया है जबकि 7 को अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी गई है।

नवम्बर माह में सेवानिवृत्त 83 पुलिसकर्मियों में शामिल हैं:– इंस्पेक्टर सुभाष चन्द्र वशिष्ठ **(मुख्यालय)**, एसआई सत्यनारायण **(बाहरी जिला)**, हेडकां. बिजेन्द्र सिंह **(उत्तरी बाहरी जिला)**, एएसआई प्रकाश चन्द्र **(अपराध शाखा)**, हेडकां. सतेन्द्र सिंह, कां. श्याम बाबू, कां. दिनेश चन्द्रा तथा एमटीएस रणबीर सिंह **(प्रथम वाहिनी)**, एसआई दलबीर सिंह, एसआई ईश्वर सिंह, एसआई रमेश चन्द, एसआई रामकिशन कौशिक, एसआई कर्मपाल, एसआई शुभराम एएसआई बिरेन्द्र सिंह, एएससआई महेन्द्र सिंह, एएसआई वरियम सिंह तथा हेडकां. नरेन्द्र सिंह **(पीसीआर)**, एसआई बिजेन्द्र सिंह राणा व एएसआई लक्ष्मण सिंह **(शाहदरा जिला)**, एएसआई गुरबचन सिंह व कां. दलीप सिंह **(तृतीय वाहिनी)**, घनेन्द्र प्रसाद **(चतुर्थ वाहिनी)**, एसआई राजबीर सिंह, हेडकां. सुमेर सिंह, हेडकां. राजसिंह, कां. अख्तर अली **(सातवीं वाहिनी)**, एसआई नरेश कुमार, एएसआई कंवर विजय पाल सिंह, हेडकां. दलबीर सिंह, एमटीएस मुकेशवर **(रोहिणी जिला)**, हेडकां. रामफल **(स्पूक)**, इंस्पेक्टर यशोदा रानी, महिला एएसआई अमिता रानी तथा एएसआई चन्दर प्रकाश **(पूर्वी जिला)**, प्रभु दयाल **(पीटीसी)**, हेडकां. धर्मबीर सिंह व कां. रमेश चन्द **(उत्तर पश्चिमी जिला)**, एसआई रविन्दर सिंह, एसआई राजपाल सिंह, एएसआई रघुनाथ गिरी, एएसआई विजय पाल सिंह, एएसआई बलबीर सिंह, एसआई सुभाष चन्दर तथा कां. बीरबल मीणा **(दक्षिणी जिला)**, एएसआई नरेन्द्र सिंह व हेडकां. महाबीर सिंह, **(नई दिल्ली जिला)**, महिला एसआई उर्मिला सिंह, एसआई बालस्वरूप, एसआई राजबीर सिंह, एसआई शिव कुमार शर्मा, एसआई जितेन्द्र सिंह **(संचार शाखा)**, एएसआई मुकेश कुमार, हेडकां. घनश्याम दास, हेडकां. दयानन्द, हेडकां. अवधेश कुमार, हेडकां. नरेन्द्र सिंह व कां. रणसिंह **(पांचवी वाहिनी)**, एएसआई धर्मपाल, एएसआई हरनाम सिंह, एएसआई महक सिंह व हेडकां. धर्मपाल सिंह राणा **(उत्तर–पूर्वी जिला)**, एसआई कल्याण सिंह व एसआई रोहताश कंवर **(पश्चिमी जिला)**, एसआई विनोद कुमार **(छट्टी वाहिनी)**, एसआई मंजू ठाकुर **(एफआरआरओ)**, इंस्पेक्टर रविन्दर कुमार, एसआई नरेन्द्र कुमार, महिला एसआई सविता, एसआई रघुबीर सिंह राणा, एसआई धर्मबीर सिंह, एसआई जगबीर सिंह, एसआई सत्यप्रकाश, एसआई देवपाल सिंह, एएसआई गुरमेल सिंह, एएसआई राजेन्द्र सिंह, एएसआई राजसिंह एएसआई ब्रहम शंकर, एएसआई शंकर सिंह तथा हेडकां0 जयप्रकाश महिला एसआई नीतारानी, एसआई मोहम्मद इकबाल, एसआई वेदप्रकाश शर्मा, एएसआई मोहम्मद रजा व एएसआई इन्दर सिंह **(विशेष शाखा)**, एसआई सुरेश चन्दर, एसआई कर्मबीर सिंह, एसआई जोगेन्द्र पाल, एसआई सुरेश चंद मलिक **(पीएंडएल)**, एसआई राजपाल, एसआई रामतीर्थ, एसआई रामचन्दर, एसआई सुरेन्द्र, एसआई देवेन्द्र सिंह, एएसआई सत्यादेवी व हेडकां0 आसिफ अली **(यातायात)**।

दिसम्बर माह में सेवानिवृत 139 पुलिसकर्मियों में शामिल हैं:– इंस्पेक्टर करतार सिंह **(शाहदरा जिला)**, एसआई सुभाष चन्द्र व एमटीएस नंद लाल **(मुख्यालय)**, एएसआई देशपाल सिंह व एएसआई **(पूर्वी जिला)**, एसआई रामकिशन, एसआई निराकार कौशिक व एसआई राजपत सिंह **(अपराध शाखा)**, इंस्पेक्टर राघवेन्द्र नारायण चौधरी **(रेलवे)**, इंस्पेक्टर भगवान दास, एसआई जुल्लिफर अहमद व एसआई मिथलेस कुमार **(उत्तर–पश्चिमी जिला)**, एएसआई राजकुमार, एएसआई उदय सिंह, हेडकां. श्रीपाल, कां. अशोक कुमार व कां. सोहेन्द्र पाल **(रोहिणी जिला)**, एसआई शीश पाल सिंह, महिला एएसआई राजबाला, एएसआई रमेश, हेडकां. ओमप्रकाश **(द्वारका जिला)**, एसआई अमरीक सिंह, एसआई ज्ञान सिंह, एसआई ओमप्रकाश एसआई यशबीर सिंह **(स्पेशल सेल)**, एमटीएस रामपाल सिंह **(पांचवीं वाहिनी)**, इंस्पेक्टर महेश चंद, एएसआई सुरजीत कुमार व एएसआई दलजीत सिंह **(मध्य जिला)**, इंस्पेक्टर लक्ष्मी चंद व हेडकां. जगदीप **(तृतीय वाहिनी)**, एएसआई केवल नंद, हेडकां. सुलतान सिंह व एमटीएस शिव कुमार **(सातवीं वाहिनी)**, एसआई अजीत सिंह, एसआई बिज मोहन, एसआई फहीमुद्धीन, एसआई कल्याण सिंह, एसआई लक्ष्मीचंद, एसआई नरेश कुमार शर्मा, एसआई ओमबीर सिंह, एसआई रामबीर सिंह, एसआई सुरजमल, एसआई सुलेक चंद, एसआई वेदप्रकाश शर्मा, एसआई उदयवीर सिंह, एसआई राजबीर सिंह, एसआई गोपीराम, एसआई रणबीर सिंह, एसआई पदम सिंह, एसआई राजेन्द्र सिंह, एएसआई लाल मन, एएसआई देवेन्द्र कुमार चौधरी, एएसआई बिजेन्द्र सिंह, एएसआई धर्मपाल, एएसआई जयकुमार सिंह मलिक, एएसआई गंगा शरण सिंह, एएसआई निर्मल सिंह, एएसआई कैलाश चंद यादव एएसआई सुखपाल सिंह, हेडकां सुशील कुमार भारद्वाज **(पीसीआर)**, एसआई गोपाल दास **(प्रथम वाहिनी)**, एसआई धर्मपाल, एसआई जयबीर, एमटीएस दास **(दक्षिणी जिला)**, एसआई राजपात सिंह, एएसआई गटपुल्ली भास्कर राव **(स्पुक्)**, एस आई भूप सिंह, एएसआई सुरेन्द्र सिंह, एएसआई इन्दर कुमार, हेडकां. जगदीश चन्द्र व हेडकां. जगदीश **(पश्चिमी जिला)**, एसआई चांद सिंह, एसआई कुनन राम, एसआई सत्यवान सिंह एएसआई अमरजीत सिंह व एएसआई देवराज सिंह **(संचार शाखा)**, एसआई बलदेव सिंह **(बाहरी उत्तरी जिला)**, एसआई शैलेन्द्र पाल सिंह, एएसआई मोहन्द्र सिंह, हेडकां. केशपाल व हेडकां. तेनजीन भूटिया **(दक्षिण–पूर्वी जिला)**, एएसआई बिरचा सिंह, एएसआई सज्जन सिंह व एएसआई अशोक कुमार **(बाहरी जिला)**, एसआई रामपाल सिंह, एसआई कृष्ण पाल, एसआई सुदर्शन लाल, एसआई ऋषिपाल सिंह, एसआई कृष्ण कुमार, एसआई श्रीपाल सिंह, एसआई बाबू राम, एसआई तेजपाल सिंह, एसआई बलजीत सिंह, एसआई गोविन्द प्रधान, एसआई करतार सिंह, एएसआई शीशुपाल सिंह, एएसआई रमेश चंद व हेडकां. आनंद वीर सिंह **(सुरक्षा)**, इंस्पेक्टर राज सिंह व एसआई ऋषिपाल **(पीटीसी)**, एसआई सुभाष चंद, महिला एसआई रेणू बाला, महिला एसआई सुकम देवी, एसआई राजेन्द्र सिंह संड, एसआई प्रहलाद सिंह, एएसआई दाता राम, एएसआई विजेन्द्र पाल, एएसआई रामबीर सिंह, एएसआई दुलीराम, एएसआई बाली सिंह, हेडकां. पवन कुमार व एमटीएस भगवती देवी **(उत्तर–पूर्वी जिला)**, एसआई हरपाल सिंह, एसआई यशपाल सिंह, एसआई अमरजीत सिंह, एसआई जगदीश राज, एसआई शिवकुमार, एएसआई बूटा राम, एएसआई बनवारी लाल, एएसआई श्रीकृष्ण एएसआई साहिब सिंह व एएसआई लीलू राम **(यातायात)**, एसआई दिनेश कुमार, एसआई रामअवतार व हेडकां. सतीश कुमार **(नई दिल्ली जिला)**, एएसआई जगबीर सिंह, एएसआई विद्यानंद, एएसआई आजाद सिंह, **(दक्षिण–पश्चिमी जिला)**, एसआई सतबीर सिंह **(सतर्कता शाखा)**, हेडकां0 रामफल (छट्टी वाहिनी) तथा एसआई नरेश पाल, एसआई महेन्द्र सिंह, महिला एसआई सरिता भारद्वाज व महिला एसआई सावित्री यादव **(आईजीआई एयरपोर्ट)**।

श्रद्धांजलि

माह दिसम्बर 2019 तथा जनवरी 2020 के दौरान दिल्ली पुलिस की विभिन्न जिला/ईकाईयों में तैनात 26 पुलिसकर्मियों की सेवाकाल के दौरान ही भिन्न–भिन्न कारणों से असमय मृत्यु हो गई। असमय बिछुड़ गए अपने इन साथियों को दिल्ली पुलिस परिवार अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है और उनके शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता है।

माह दिसम्बर में दिवंगत 15 पुलिसकर्मियों में शामिल हैं : एएसआई जगदीश तथा हेडकां. उनीश कुमार **(सुरक्षा शाखा)**, एएसआई विजय कुमार **(मैट्रो)**, एएसआई मुकेश कुमार त्यागी **(उत्तरी जिला)**, एएसआई धर्मपाल **(दक्षिण–पश्चिमी जिला)** हेडकां. अमर सिंह मीणा तथा एमटीएस राजू **(दक्षिण–पूर्वी जिला)**, एसआई मीर सिंह तथा एएसआई सुभाष चन्दर बोस **(पीसीआर)**, हेडकां. प्रमोद कुमार **(छठी वाहिनी)**, एएसआई रणबीर सिंह **(पीएंडएल)**, एएसआई सुभाष चन्दर तथा एएसआई सतेन्द्र कुमार **(संचार शाखा)**, एएसआई राकेश कुमार सोलंकी **(तृतीय वाहिनी)** तथा एमटीएस सुरेन्द्र कुमार **(मुख्यालय)**।

माह जनवरी, 20 में दिवंगत 11 पुलिसकर्मियों में शामिल हैं : इंस्पेक्टर बाल किशन बड़ोला व एसआई सुधीर कुमार **(दक्षिण–पूर्वी जिला)** एसआई जितेन्द्र कुमार **(उत्तरी जिला)**, एएसआई कृष्ण कुमार व हेडकां. राजकुमार **(रोहिणी जिला)**, एएसआई मोहर लाल **(नई दिल्ली जिला)**, एएसआई मोहर सिंह **(मोहर सिंह)**, एएसआई मनवीर सिंह **(यातायात)**, हेडकां. नितिन कुमार शर्मा **(चतुर्थ वाहिनी)**, कां. ओमप्रकाश **(पीसीआर)** तथा एमटीसी ओम बाबू शर्मा **(दक्षिणी जिला)**।

31 जनवरी व 29 फरवरी, 2020 को सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारीगण



श्री शिवाजी सिन्हा, संयुक्त पुलिस आयुक्त (सुरक्षा शाखा)



श्री ब्रिजेश कुमार सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध शाखा)



श्रीमती कमला मीणा
अतिरिक्त आयुक्त पुलिस
(द्वितीय वाहिनी)

श्री कृष्ण लाल
एसीपी (सुरक्षा शाखा)



दिल्ली पुलिस परिवार सेवानिवृत्त होने वाले अपने सभी अधिकारियों एवं कर्मियों के अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करता है।

फोटो : रोज़र जोसफ



एसीपी श्री प्रदीप कुमार अरोड़ा
(पीसीआर) (स्वैच्छिक सेवानिवृति)



एसीपी श्री संजीव त्यागी
(बाहरी-उत्तरी जिला) (स्वैच्छिक सेवानिवृति



एसीपी श्री रंजीत इक्का
(सातवीं वाहिनी)



एसीपी श्री हनुमान सहाय
(बाहरी-उत्तरी जिला)

31 जनवरी को सेवानिवृत्त हुए संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री शिवाजी सिन्हा व ब्रिजेश कुमार सिंह के सम्मान में 27 फरवरी को 17, मदर टेरेसा क्रिसेंट मार्ग पर स्थित राजपत्रित अधिकारी मैस में भोज का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक एवं श्रीमती सूचना पटनायक ने दोनों दम्पत्तियों को गुलदस्तें भेंट कर उनकी दीर्घायु की कामना की।



श्री बी.के. सिंह एवं श्री अमूल्य पटनायक



श्री शिवाजी सिन्हा एवं श्री अमूल्य पटनायक



श्रीमती बी.के. सिंह एवं श्रीमती सूचना पटनायक



श्रीमती शिवाजी सिन्हा एवं श्रीमती सूचना पटनायक



सम्पादक

सम्पादक : श्री विक्रम के. पोरवाल, उपायुक्त पुलिस (पुलिस आयुक्त के स्टाफ ऑफिसर)
सह-सम्पादक : निरीक्षक सतबीर सिंह, पुलिस मुख्यालय, नई दिल्ली।



सह-सम्पादक